## उमरिया में लूट के बाद किराना व्यापारी की हत्या, 90 साल की मां पर भी किया हमला

### डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम ने किया निरीक्षण



**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के अमिलिया गांव में एक किराना व्यापारी की हत्या कर दी गई। उनकी 90 वर्षीय मां को भी गंभीर चोटें पहुंचाई गईं। उन्हें शहडोल में भर्ती कराया गया है। घटना पाली थाना क्षेत्र की है।

पुलिस के मुताबिक, नेशनल हाईवे के पास किराना दुकान चलाने वाले शिवदयाल शुक्ला की दुकान बुधवार को बंद होने के बाद गुरुवार को नहीं खुली। जब उनके भतीजे अमिलिया पहुंचे तो घर में सामान बिखरा हुआ मिला। शिवदयाल और उनकी मां दोनों बेहोशी की हालत में पड़े हुए थे। भतीजे ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम भी जांच में जुट गई है।

थाना प्रभारी मदनलाल मरावी के अनुसार, घटना के समय घर में केवल मां और बेटा ही मौजूद थे। अन्य परिवार के सदस्य रिश्तेदारों के यहां गए हुए थे। हमलावरों ने हत्या के साथ घर से सामान भी चोरी किया है।

## बाघ ने किया गाय का शिकार, सफारी पर गए पर्यटक देखते ही रह गए

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पर्यटकों ने बाघ को मवेशी का शिकार करते हुए देखा। यह घटना मगधी जोन के जंगल में हुई। पर्यटक सफारी कर रहे थे। तभी उन्होंने देखा कि बाघ ने घास चर रहे गाय पर हमला कर दिया। महज 3 सेकेंड में बाघ ने गाय का शिकार किया। बाघ शिकार करते हुए बहुत कम ही दिखाई देता है ऐसा नजारा पर्यटकों के लिए कभी ना भूल पाने वाला बन गया बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 165 से अधिक बाघ हैं। टाइगर रिजर्व में तीन कर और दो बफर जोन में सफारी होती है। जंगल में बाघ और बाघिंन अपनी अपनी टेरिटरी बना रखी है। टाइगर रिजर्व के जंगलों में शाकाहारी वन्य प्राणियों के साथ मवेशी भी जंगल में घूमते हुए दिखाई दे जाते हैं। ऐसे में बाघ शाकाहारी वन्य प्राणियों के साथ मवेशियों को भी अपना शिकार बना लेता है। गांव से जुड़े हुए क्षेत्र में मवेशी चरते चरते जंगल के अंदर चले जाते हैं।

## संजय गांधी ताप विद्युत गृह में मजदूर की मौत

### लापरवाही और ठेकेदारी व्यवस्था पर उठे सवाल



, **उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली स्थित संजय गांधी ताप विद्युत गृह (एसजीटीपीपी) में बुधवार को हुई एक और दर्दनाक घटना ने संयंत्र की खतरनाक और अमानवीय कार्यप्रणाली को उजागर कर दिया। 19 वर्षीय मजदूर सीताराम साकेत निवासी वार्ड क्रमांक 7 नौरोजाबाद की ऊंचाई से गिरने के कारण मौत का शिकार बन गया।

सीताराम पावर हाउस परिसर के वैगन ट्रिपलर में छत की शीट बदलने का काम कर रहा था। लेकिन, उसे कोई भी सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेट और सेफ्टी बेल्ट प्रदान नहीं की गई थी। जिससे इस घटना को न सिर्फ हादसा, बल्कि ठेकेदार प्रबंधन और अधिकारियों की लापरवाही माना जा रहा है।

**इलाज में देरी का आरोप**- सीताराम शिव किरण इंजीनियरिंग वर्क्स के अंतर्गत काम कर रहा था, जिसे मरम्मत कार्य का ठेका मिला था। हादसे के बाद ठेकेदार मनीष मिश्रा ने उसे पहले निजी अस्पताल ले जाने की बात कहकर समय गवांया, फिर शहडोल के शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया। वहां भी समय पर उचित इलाज नहीं मिल सका। जबलपुर रेफर करने में भी देरी हुई, समय पर बेहतर इलाज नहीं मिलने के कारण सीताराम की जान नहीं बचाई जा सकी।

**बार-बार हो रही हैं ऐसी घटनाएं**-यह पहला मामला नहीं है। एसजीटीपीपी में इससे पहले भी कई मजदूर हादसों के शिकार हो चुके हैं, लेकिन अब तक किसी ठेकेदार या अधिकारी पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हर बार मामले को दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताकर खानापूर्ति कर दी जाती है। मुख्य अभियंता एचके त्रिपाठी ने घटना को घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि घायल को तुरंत अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन उसकी हालत गंभीर थी। इलाज के दौरान मौत हो गई।

## सार-समाचार

### अवैध रेत से भरा ट्रैक्टर पुलिस ने पकड़ा

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले की ब्यौहारी पुलिस ने अवैध खनिज रेत परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस संबंध में ब्यौहारी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ब्यौहारी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिलीं कि सूखा तिराहा से एक ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्राली में अवैध रूप से रेत लोड कर बिक्री करने के लिए ले जा रहा है। मुखबिर सूचना की तस्दीक में पुलिस टीम सूखा तिराहा पहुंची जहां एक ट्रैक्टर रेत लोड कर आते दिखा। जिसे रोककर पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम भगवानदीन पाल पिता सोनई पाल उम्र 36 वर्ष निवासी सूखा ब्यौहारी बताया। पुलिस द्वारा रेत संबंधी दस्तावेज मांगने पर चालक ने कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखाया। जिस पर पुलिस द्वारा उक्त ट्रैक्टर को रेत सहित जप्त कर आरोपी चालक के विरूद्ध बीएनएस, मोटर व्हीकल एक्ट एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी ब्यौहारी अरुण पाण्डेय के नेतृत्व में उनि बीके. प्रजापति एवं आरक्षक शत्रुधन सेंगर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आज

शहडोल, देशबन्धु। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने जानकारी दी है कि म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा पंचायतों के उपनिर्वाचन वर्ष, 2025 (पूर्वाद्ध) हेतु फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण 2025 के लिए कार्यक्रम प्रसारित किया गया है। कार्यक्रम के अनुसार 05 जून 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है तथा साथ ही दावा: आपत्ति प्राप्त करने का कार्य प्रारंभ किया गया है। अधिक से अधिक दावे आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु मतदाताओं को प्रेरित किये जाने के उद्देश्य से 06 जून 2025 को प्रात: 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में जिला स्तरीय स्टेण्डिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई है।

### प्रकृति का मत करो शोषण इससे होता हमारा पोषण : बहन जी



**पन्ना, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्रह्माकुमारी विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बहन जी ने पर्यावरण दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि हमारी जीवन शैली सदा ही पर्यावरण मित्र शैली रही जो कि पर्यावरण संरक्षण का कार्य स्वत: करती है, परंतु वर्तमान समय में हम प्रकृति से बहुत दूर चले गए हैं और प्रकृति तथा आध्यात्मिक का समन्वय भी बिगड़ गया है जिसके फल स्वरुप प्रकृति के पांच तत्वों का विध्वंसक रूप भी देखने को मिल रहा है। प्रकृति यह संदेश दे रही है कि अब यह जागने का समय है प्रकृति के साथ संबंध जोड़कर उसे देव तुल्य मानने की परंपरा को आधुनिक युग में जीवित रखने की अति आवश्यकता है।

आगे आपने कहा है कि हम सभी जानते हैं एक बाहर की प्रकृति और एक मनुष्य के अंदर की प्रकृति होती है हमेशा यह देखा गया कि मनुष्य की आंतरिक प्रकृति का प्रभाव बाहर की प्रकृति पर भी पड़ता है इसलिए आवश्यकता है कि हम आंतरिक प्रकृति को सही करे ताकि हम बाहर की प्रकृति को भी ठीक रख सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुपम शर्मा जी डीएफओ पन्ना अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम अपने जीवन शैली में कुछ छोटे-छोटे परिवर्तन करके पर्यावरण को शुद्ध बना सकते हैं जैसे, मार्केट जाते समय कपड़े के बेग का उपयोग यदि बहुत कम दूरी पर जाना है तो पैदल जाएं कचरे को यथा स्थान पर ही डालें।

### उमरिया जिला अस्पताल कोविड केयर के लिए तैयार

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिला अस्पताल में 10 आइसोलेशन बेड, दो ऑक्सीजन प्लांट और पर्याप्त दवाइयों का स्टॉक तैयार देश और प्रदेश में कोविड के नए मामलों के मद्देनजर उमरिया जिला अस्पताल ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। सिविल सर्जन डॉ. के.सी. सोनी के अनुसार, अस्पताल में कोविड मरीजों के लिए 10 बेड को आइसोलेट किया गया है। अस्पताल में दो ऑक्सीजन प्लांट पूरी तरह कार्यरत हैं। एलएमओ प्लांट से अस्पताल की 90 प्रतिशत ऑक्सीजन आवश्यकता पूरी की जा रही है। इसके अतिरिक्त, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और सिलेंडर भी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सिविल सर्जन प्रतिदिन स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। डॉक्टर अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों में कोविड के लक्षणों की जांच कर रहे हैं।

## भारत विकास परिषद ने वृद्धाश्रम में किया पौधरोपण



**शहडोल, देशबन्धु।** भारत विकास परिषद, स्वामी विवेकानंद शाखा शहडोल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्थानीय वृद्धाश्रम कल्याणपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉक्टर केदार सिंह थे। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने न केवल पौधा लगाकर उसे मां के नाम समर्पित किया बल्कि वृद्धाश्रम में लगे पौधों को व्यवस्थित कर वृक्षों के संरक्षण का संदेश भी दिया। डॉक्टर केदार सिंह ने कहा की वृक्षारोपण समय की आवश्यकता है। मानव जीवन बचाने के लिए पर्यावरण को बचाना आवश्यक है। विश्व पर्यावरण दिवस का मूल उद्देश्य मानव जाति को पर्यावरण के प्रति सजग करना है। उन्होंने वृद्ध आश्रम में निवासरत बुजुर्गों का सम्मान भी किया तथा उन्हें फल फूल वितरित किया। आयोजन में भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानन्द शाखा के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कलेक्टर का स्वागत किया तथा परिषद की पर्यावरण विभाग की उपाध्यक्ष नीति सिंघल ने वृक्षों को बचाने को बचाने का संदेश देने वाली एक स्वरचित कविता का गायन किया। परिषद के सचिव विजय दुबे ने परिषद द्वारा आगामी दिनों में किए जाने वाले पर्यावरणीय तथा सेवा कार्यों की चर्चा की। परिषद के सभी सदस्यों ने भी वृद्धाश्रम में फलदार एवं इमारती वृक्षों का रोपण किया

कार्यक्रम में डॉक्टर अशोक सराफ, प्रकाश गुप्ता, अशोक मोर, श्रीजा गुप्ता, मनीष गुप्ता, एस.एस. जौहरी ,दीपक केसरवानी, रवि नेमा, भारती गुप्ता, माधुरी श्रीवास्तव , श्रीलेखा जौहरी, सुशील सिंघल, अजय शर्मा, बबीता मोर, रिंकी दुबे, रविंद्र गुप्ता, सूर्यांश गुप्ता, शाकिर अली, रुचिर श्रीवास्तव, आनंद राय सिन्हा, शिव प्रसाद, राज मन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने रोपे पौधे



**शहडोल, देशबन्धु।** पौधरोपण केवल एक कार्य नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी है। यदि हम आज हरियाली के बीज बोएँगे, तभी हमारी आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर पर्यावरण मिल सकेगा। वर्तमान में बढ़ते तापमान को रोकने एवं वंसुधरा को हरा-भरा बनाने के लिए हम सबको सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत सोहागपुर कार्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वंसुधरा को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण के संरक्षण् एवं संवर्धन का संदेश दिया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सोहागपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हीरावती कोल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, ब्लाक समन्वय जन अभियान श्रीमती प्रिया सिंह सहित अन्य लोगों ने पौधरोपण किया।

## रोपित किए जानें वाले पौधों के रखरखाव का लिया संकल्प

**शहडोल, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन मण्डल उत्तर शहडोल के सभी वन परिक्षेत्र में संयुक्त वन प्रबंधन समितियां की बैठकों का आयोजन किया गया।

वन संरक्षक, वन वृत्त शहडोल अजय पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन में एवं वन मण्डलाधिकारी उत्तर शहडोल सुश्री तरूणा वर्मा के निर्देशन में वनमण्डल अन्तर्गत समस्त वन परिक्षेत्रों में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अन्तर्गत संयुक्त वन प्रबंधन समितियों में बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमें परिक्षेत्रवार संबंधित उप वनमण्डलाधिकारी, परिक्षेत्राधिकारी, क्षेत्रीय अमला एवं वन समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे।

इस मौके पर वन अधिकारियों ने बताया कि पर्यावरण स्थिरता एवं जलवायु परिवर्तन वर्तमान समय में सबसे ज्वलंत मुद्दा है। इसी सम्बन्ध में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी नें संवहनीय विकास एवं पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए आम नागरिकों को प्रेरित करनें हेतु मिशन लाईफ (लाईफ स्टाइल फॉर इन्वायरमेंट) की शुरूआत की है। इसी कड़ी में वनमण्डल अन्तर्गत समस्त वन समितियों में बैठक आयोजित कर आगामी





वर्षा ऋतु में रोपित किए जानें वाले पौधों की रणनीति एवं रख-रखाव हेतु संकल्प लिया गया, साथ ही वनों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अवैध कटाई, अतिक्रमण, अवैध शिकार एवं उत्खनन रोकनें हेतु समझाईस दी गई एवं इस अति-महत्वपूर्ण विषय की संवेदनशीलता से समिति सदस्यों को अवगत कराया गया। वनों को आग से बचाने एवं आग लगनें पर तत्काल वन विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों को सूचित करते हुए आग बुझाने में मदद करनें, वनों में कटाई, अतिक्रमण, उत्खनन एवं शिकार पर रोकथाम लगानें हेतु सर्वसम्मति संकल्प पारित किए गए।

समिति सदस्यों को स्थानीय वृक्ष प्रजातियों के बीज वितरण कर आगामी वर्षा त्रितु में बीज रोपित कर पौधों की सुरक्षा का संकल्प दिलाया गया। वनमण्डल अन्तर्गत समस्त 200 संयुक्त वन प्रबंधन समितियों में बैठकें आयोजित की गई। लगभग 160 गांवों के 4200 समिति सदस्य उपस्थित रहे। समिति सदस्यों से चर्चा की गई एवं आगामी वर्षा ऋतु में स्थानीय प्रजातियों के बीज बोकर पौधे तैयार करनें एवं उनकी देखभाल करनें हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही वनों में विचरण करनें वाले वन्य प्राणियों से संघर्ष को टालनें हेतु आवश्यक परामर्श दिए गए।

वन परिक्षेत्र गोदावल अन्तर्गत वन सुरक्षा समिति पथरहटा में आर. एस. धुर्वे, उप वन मण्डलाधिकारी ब्यौहारी, रजनीश त्रिपाठी, परिक्षेत्र अधिकारी गोदावल, क्षेत्रीय वन अमला एवं समिति पथरहटा के अध्यक्ष एवं सदस्यों की उपस्थिति में वन सुरक्षा एवं संवर्धन करनें हेतु चर्चा करके आम सहमति से प्रस्ताव पारित किए गए। अंत में समिति सदस्यों को स्थानीय वृक्ष प्रजातियों के बीज वितरण कर आगामी वर्षा ऋतु में बीज रोपित कर पौधों की सुरक्षा का संकल्प दिलाया गया।

इसी प्रकार वन परिक्षेत्र जयसिंहनगर अन्तर्गत ग्राम वन समिति कतिरा में मुकुल सिंह ठाकुर उप वनमण्डलाधिकारी जयसिंहनगर, दिनेश पटेल, वन परिक्षेत्राधिकारी जयसिंहनगर, क्षेत्रीय वन अमला एवं समिति सदस्यों की उपस्थिति में बैठक लेकर स्वच्छ एवं स्वस्थ्य पर्यावरण की महत्वता पर चर्चा की गई एवं ऑवला, हर्रा, बहेरा, अर्जुन एवं महुआ के बीजों का वितरण कर बीज रोपित कर पौधा तैयार करने व सुरक्षा के लिए प्रेरित किया गया। इसके उपरान्त मानव वन्यजीव द्वंद के दौरान सावधानियों के बारे में चर्चा की गई।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जेम की बालिकाओं ने किया पौधरोपण



**सिंगरौली, देशबन्धु।** विन्ध्याचल ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 को एक अर्थपूर्ण पहल के साथ मनाया, जिसमें सतत विकास और नारी सशक्तिकरण का समावेश हुआ। बालिका सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत 5 जून 2025 को पर्यावरण प्रबंधन समूह द्वारा एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जेम 2025 की बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण में भाग लिया और परियोजना के वरिष्ठ प्रबंधन, कर्मचारियों, उनके परिवारों, यूनियन और एसोसिएशन प्रतिनिधियों के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास किया। इस अवसर पर श्री संजीव मेहरा, क्षेत्रीय अधिकारी (म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में श्री संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा), श्री राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन) तथा श्री राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) उपस्थित रहे। इस अवसर पर पर्यावरण दिवस की शपथ श्री संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने अंग्रेजी में तथा डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) ने हिंदी में दिलाई। शपथ में सभी को प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने हेतु व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया गया। जेम की बालिकाओं ने इस शपथ समारोह में सक्रिय भागीदारी निभाई।

## एनटीपीसी विन्ध्याचल ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**सिंगरौली, देशबन्धु।** विन्ध्याचल ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 को एक उत्साही और प्रेरणादायक सप्ताह भर चलने वाले समारोह के साथ मनाया। इस आयोजन की थीम रही - प्लास्टिक प्रदूषण पर काबू पाना। जागरूकता, रचनात्मकता और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व से भरपूर इस सप्ताह में कर्मचारियों, उनके परिवारों तथा संविदा कर्मियों की सक्रिय भागीदारी ने समर्पित पर्यावरण चेतना को उजागर किया। 5 जून 2025 को टाउनशिप परिसर में एक जागरूकता रैली का आयोजन इस आयोजन की प्रमुख आकर्षण रही, जिसमें पर्यावरण संरक्षण के नारों और जोश के साथ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस रैली में श्री संजीव मेहरा, क्षेत्रीय अधिकारी (म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता फैलाने और स्थायी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रकृति पोषण के प्रतीकात्मक प्रयास स्वरूप टाउनशिप के विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान अंग्रेजी में श्री संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (ओएंडएम) और हिंदी में डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) द्वारा पर्यावरण शपथ भी दिलाई गई, जिसमें सभी को अपने दैनिक जीवन में सतत कार्य प्रणालियों को अपनाने का आग्रह किया गया।

इस समारोह में विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए क्विज़ व भाषण प्रतियोगिताएं तथा बच्चों के लिए चित्रकला, पेंटिंग, फैंसी ड्रेस और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं। जेम 2025 की बालिकाओं के लिए विशेष चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसने इस आयोजन को समावेशी और सशक्तिकरण उन्मुख बनाया।

सप्ताह भर के इस भव्य आयोजन का समापन मैत्री सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जहाँ विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारीगण — श्री संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा), श्री राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन) तथा राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विन्ध्याचल) उपस्थित रहे।